कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दुर्ग, दिनांक : 01.10.2019

गर्ल्स कॉलेज में गरबा की धूम

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देशी डे का आयोजन किया गया। नृत्य विभाग के द्वारा गरबा स्पर्धा आयोजित की गयी। जिसमें 15 समूहों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल समूहों में मयूरी, शक्ति, संस्कृति, घूमरगरबा, रास गरबा, मधुरिमा, विनिता, श्रद्धा, नृत्यांजली, शुभारम्भ, रंगीला, अप्सरा, मृगनयनी, गरबारास, ढोलीदा ने खूब रंग जमाया।

समारोह का उद्घाटन जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। श्रीमती मिश्रा ने समस्त छात्राओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी एवं सशक्त तथा प्रेरक भूमिका निर्वहन करने का आव्हान किया।

स्पर्धा में एक से बढ़कर एक गरबा की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने पुरस्कार दिया। प्रथम स्थान पर विनीता भारती समूह रहा। तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अप्सरा, मृगनयनी एव ढोलीदा समूह रहा। सांत्वना पुरस्कार रासगरबा समूह को दिया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती अनिता शर्मा, श्रीमती कंचन सक्सेना के साथ ही प्राध्यापक, अभिभावक एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Govt. Dr. W.W. Patamkar Girls' P.G. College, Durg (C.G.)
देसी Day
Garba Competition

Govt. Dr. W.W. Patamkar Girls' P.G. College, Durg (C.G.)
देसी Day